**Series SSO**

Code No. **61/1**
कोड नं.

Roll No.
रोल नं.

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | |

Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.
परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।

- Please check that this question paper contains **15** printed pages + **2** Maps.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **23** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minutes time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the student will read the question paper only and will not write any answer on the answer script during this period.
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **15 + 2** मानचित्र हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **23** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।

# HISTORY

# इतिहास

*Time allowed : 3 hours* | *Maximum Marks : 100*

*निर्धारित समय : 3 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 100*

***General Instructions :***

*(i)* *Answer **all** the questions. Marks are indicated against each question.*

*(ii)* *Answers to questions carrying **2** marks (Part A – Questions no. 1 to 5) should not exceed **30** words each.*

*(iii)* *Answers to questions carrying **5** marks (Part B – Section I, II, III – Questions no. 6 to 16) should not exceed **100** words each.*

*(iv)* *Answers to questions carrying **8** marks (Part C – Questions no. 17 and 18) should not exceed **250** words each.*

*(v)* *Part D has questions based on three sources.*

*(vi)* *Attach the maps with the answer scripts (Part E).*

***सामान्य निर्देश :***

*(i)* ***सभी*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने लिखे हैं ।*

*(ii)* ***2*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड क – प्रश्न सं. 1 से 5) का उत्तर **30** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iii)* ***5*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ख – भाग I, II, III – प्रश्न सं. 6 से 16) का उत्तर **100** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(iv)* ***8*** *अंक वाले प्रत्येक प्रश्न (खण्ड ग – प्रश्न सं. 17 और 18) का उत्तर **250** शब्दों से अधिक नहीं होना चाहिए ।*

*(v)* *खण्ड घ के प्रश्न तीन स्रोतों पर आधारित हैं ।*

*(vi)* *मानचित्र अपनी उत्तर-पुस्तिका के साथ संलग्न कीजिए (खण्ड य) ।*

## PART A
## खण्ड क

*Answer **all** the questions given below.*
*नीचे दिए **सभी** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

1. Mention one of the most challenging episodes in the Mahabharata. 2

महाभारत की एक सबसे चुनौतीपूर्ण उपकथा का उल्लेख कीजिए ।

2. Mention any two features about the location of the city of Vijayanagar. 2

विजयनगर की भौगोलिक स्थिति की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

3. What was Jati Panchayat ? State any two of its functions. 2

जाति पंचायत क्या थी ? इसके कोई दो कार्य बताइए ।

4. Why was the Permanent Settlement of land revenue rarely extended to any region beyond Bengal ? Give two reasons. 2

भू-राजस्व के स्थाई बन्दोबस्त (इस्तमरारी बन्दोबस्त) को बंगाल से बाहर अन्य किसी क्षेत्र में क्यों लागू नहीं किया गया ? दो कारण बताइए ।

5. State two reasons of migration of working class to the big cities. 2

श्रमिक वर्ग के लोगों के बड़े शहरों की ओर आने के दो कारण बताइए ।

## PART B
## खण्ड ख

### SECTION I
### भाग I

*Answer any **three** of the following questions.*
*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

6. Describe how artefacts help in identifying social differences during the Harappan period. 5

पुरा वस्तुएँ (मानवकृतियाँ), हड़प्पा काल की सामाजिक विभिन्नताओं के अन्तर को पहचानने में किस प्रकार सहायक होती हैं ? वर्णन कीजिए ।

7. Describe how Magadha became the most powerful mahajanapada. 5

मगध किस प्रकार सबसे अधिक शक्तिशाली महाजनपद बन गया ? वर्णन कीजिए ।

8. "The Dharma sutras and Dharma shastras also contained rules about the ideal occupations of the four categories of Varnas." Critically examine the statement. 5

"धर्म सूत्रों और धर्म शास्त्रों में वर्णों के चारों वर्गों के लिए आदर्श जीविका से जुड़े नियम भी मिलते हैं ।" इस कथन की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

9. Describe briefly the teachings of Mahatma Buddha. 5

महात्मा बुद्ध की शिक्षाओं का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

## SECTION II

## भाग II

*Answer any **two** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

10. According to Bernier, "Crown ownership of land had disastrous consequences for the state and the society." Justify the statement. 5

बर्नियर के अनुसार, "भूमि पर राजकीय (शाही) स्वामित्व के राज्य और समाज के लिए हानिकारक परिणाम थे ।" इस कथन का औचित्य सिद्ध कीजिए ।

11. Describe briefly the relationship between the Mughals and the Ottomans. 5

मुगलों और ऑटोमनों के पारस्परिक सम्बन्धों का संक्षेप में वर्णन कीजिए ।

12. "The keeping of exact and detailed records was a major concern of the Mughal administration." Critically examine the statement. 5

"सटीक और विस्तृत आलेख तैयार करना मुगल प्रशासन के लिए मुख्य रूप से महत्त्वपूर्ण था ।" इस कथन की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

## SECTION III
## भाग III

*Answer any **three** of the following questions.*

*निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

**13.** Explain two strategies devised by the Zamindars of Bengal to survive the pressures of high revenue demand and auction of their lands. *5*

अत्यधिक राजस्व की माँग व भू-संपदा की संभावित नीलामी से बचने के लिए बंगाल के जमींदारों द्वारा अपनाई गई दो रणनीतियों की व्याख्या कीजिए ।

**14.** "The dispossession of taluqdars meant the breakdown of an entire social order." Critically examine the statement. *5*

''ताल्लुकदारों की सत्ता छिनने का परिणाम यह हुआ कि एक पूरी सामाजिक व्यवस्था भंग हो गई ।'' इस कथन की आलोचनात्मक समीक्षा कीजिए ।

**15.** Why did the Congress reject the offer of the Muslim League to form a joint Government ? Explain. *5*

काँग्रेस ने मुस्लिम लीग का संयुक्त सरकार बनाने का प्रस्ताव क्यों अस्वीकार कर दिया ? व्याख्या कीजिए ।

**16.** Explain the ideals introduced by Jawahar Lal Nehru in the 'Objectives Resolution' that were to be kept in mind while framing the Constitution of India. *5*

जवाहर लाल नेहरू द्वारा पेश किए गए 'उद्देश्य प्रस्ताव' में व्यक्त उन आदर्शों की व्याख्या कीजिए जिनको भारत के संविधान निर्माण के समय ध्यान में रखा जाना था ।

## PART C

## खण्ड ग

17. Explain the significance of Kabir's poems and the traditions he drew to describe the ultimate reality.

**OR**

Explain Chisti devotionalism with special reference to ziarat and qawwali.

कबीर की कविताओं के महत्त्व तथा उनके द्वारा परम सत्य को वर्णित करने के लिए जिन परिपाटियों का सहारा लिया गया है, उनकी व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

चिश्ती उपासना की ज़ियारत तथा कव्वाली के विशेष संदर्भ में व्याख्या कीजिए ।

18. Explain how Gandhiji's mass appeal was undoubtedly genuine in the context of Indian politics and how it contributed to his success in broadening the basis of nationalism.

**OR**

Why was the state monopoly in the manufacture and sale of salt unpopular among the masses ? Also explain how the Salt March of Mahatma Gandhi was notable.

गांधीजी का जन अनुरोध भारतीय राजनीति के संदर्भ में निःसन्देह कपट से मुक्त था तथा उसने राष्ट्रवाद के आधार के विस्तार में उनकी सफलता में योगदान दिया । कैसे ? व्याख्या कीजिए ।

**अथवा**

जन साधारण में नमक के निर्माण और विक्रय में राज्य का एकाधिकार अलोकप्रिय क्यों था ? महात्मा गांधी की नमक यात्रा उल्लेखनीय क्यों थी ? व्याख्या कीजिए ।

## PART D (Source Based Questions)
## खण्ड घ (स्रोत आधारित प्रश्न)

*Read the following extracts (questions no. 19 to 21) carefully and answer the questions that follow.*

*निम्नलिखित अनुच्छेदों (प्रश्न सं. 19 – 21) को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उनके अंत में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**19. What the king's officials did ?**

Here is an excerpt from the account of Megasthenes :

> Of the great officers of state, some ... superintend the rivers, measure the land, as is done in Egypt, and inspect the sluices by which water is let out from the main canals into their branches, so that every one may have an equal supply of it. The same persons have charge also of the huntsmen, and are entrusted with the power of rewarding or punishing them according to their deserts. They collect the taxes, and superintend the occupations connected with land; as those of the woodcutters, the carpenters, the blacksmiths, and the miners.

(i) Explain the duties of the great officers of state. *3*

(ii) Explain the role of sub-committees for coordinating military activities. *3*

(iii) What did Ashoka do to hold his empire together ? *2*

## OR

**Why were stupas built ?**

This is an excerpt from the *Mahaparinibbana Sutta*, part of the *Sutta Pitaka* :

> As the Buddha lay dying, Ananda asked him :
>
> "What are we to do Lord, with the remains of the Tathagata (another name for the Buddha) ?"
>
> The Buddha replied : "Hinder not yourselves Ananda by honouring the remains of the Tathagata. Be zealous, be intent on your own good."

But when pressed further, the Buddha said :

"At the four crossroads they should erect a *thupa* (Pali for stupa) to the Tathagata. And whosoever shall there place garlands or perfume ... or make a salutation there, or become in its presence calm of heart, that shall long be to them for a profit and joy."

(i) Why were the stupas built ? 2

(ii) What did Ashoka do with the relics of Buddha ? 2

(iii) Describe the structure of the stupas. 4

**सम्राट के अधिकारी क्या-क्या कार्य करते थे ?**

मेगस्थनीज़ के विवरण का एक अंश दिया गया है :

साम्राज्य के महान् अधिकारियों में से, कुछ ... नदियों की देख-रेख, भूमि मापन का काम करते हैं जैसा कि मिस्र में होता था । कुछ प्रमुख नहरों से उपनहरों के लिए छोड़े जाने वाले पानी के मुखद्वार का निरीक्षण करते हैं ताकि हर स्थान पर पानी की समान पूर्ति हो सके । यही अधिकारी शिकारियों का संचालन भी करते हैं और शिकारियों के कृत्यों के आधार पर उन्हें इनाम या दंड देते हैं । वे कर वसूली करते हैं और भूमि से जुड़े सभी व्यवसायों का निरीक्षण करते हैं; साथ ही लकड़हारों, बढ़ई, लोहारों और खननकर्ताओं का भी निरीक्षण करते हैं ।

(i) साम्राज्य के महान् अधिकारियों के कर्त्तव्यों की व्याख्या कीजिए । 3

(ii) सैनिक गतिविधियों के संचालन के लिए नियुक्त उप-समितियों की भूमिका की व्याख्या कीजिए । 3

(iii) अशोक ने अपने साम्राज्य को एकजुट रखने के लिए क्या किया ? 2

## अथवा

**स्तूप क्यों बनाए जाते थे ?**

यह उद्धरण *महापरिनिब्बान सुत्त* से लिया गया है, जो *सुत्त पिटक* का हिस्सा है :

परिनिर्वाण से पूर्व आनंद ने पूछा :

"भगवान हम तथागत (बुद्ध का दूसरा नाम) के अवशेषों का क्या करेंगे ?"

बुद्ध ने कहा : "तथागत के अवशेषों को विशेष आदर देकर खुद को मत रोको । धर्मोत्साही बनो, अपनी भलाई के लिए प्रयास करो ।"

लेकिन विशेष आग्रह करने पर बुद्ध बोले :

"उन्हें तथागत के लिए चार महापथों के चौक पर थूप (स्तूप का पालि रूप) बनाना चाहिए । जो भी वहाँ धूप या माला चढ़ाएगा ... या वहाँ सिर नवाएगा, या वहाँ पर हृदय में शांति लाएगा, उन सबके लिए वह चिर काल तक सुख और आनंद का कारण बनेगा ।"

(i) स्तूप क्यों बनाए गए ? 2

(ii) बुद्ध के अवशेषों का अशोक ने क्या किया ? 2

(iii) स्तूपों की संरचना का वर्णन कीजिए । 4

**20. How tanks were built ?**

About a tank constructed by Krishnadeva Raya, Paes wrote :

> The king made a tank ... at the mouth of two hills so that all the water which comes from either one side or the other collects there; and, besides this, water comes to it from more than three leagues (approximately 15 kilometres) by pipes which run along the lower parts of the range outside. This water is brought from a lake which itself overflows into a little river. The tank has three large pillars handsomely carved with figures; these connect above with certain pipes by which they get water when they have to irrigate their gardens and rice-fields. In order to make this tank the said king broke down a hill ... In the tank I saw so many people at work that there must have been fifteen or twenty thousand men, looking like ants ...

(i) Where and why were tanks built by Krishnadeva Raya ? 2

(ii) Explain how the tanks were constructed. 2

(iii) Describe the most prominent water works among the ruins and who built these water works. 4

**OR**

**On horse and on foot**

This is how Ibn Battuta describes the postal system :

> In India the postal system is of two kinds. The horse-post, called *uluq*, is run by royal horses stationed at a distance of every four miles. The foot-post has three stations per mile; it is called *dawa*, that is one-third of a mile ... Now, at every third of a mile there is a well populated village, outside which are three pavilions in which sit men with girded loins ready to start. Each of them carries a rod, two cubits in length, with copper bells at the top. When the courier starts from the city he holds the letter in one hand and the rod with its bells on the other; and he runs as fast as he can. When the men in the pavilion hear the ringing of the bell they get ready. As soon as the courier reaches them, one of them takes the letter from his hand and runs at top speed shaking the rod all the while until he reaches the next *dawa*. And the same process continues till the letter reaches its destination. This foot-post is quicker than the horse-post; and often it is used to transport the fruits of Khurasan which are much desired in India.

(i) Describe the two kinds of the postal system as described by Ibn Battuta.

(ii) Give an example to show that the postal system of that period was a unique system of communication.

(iii) Do you think that the foot-post system could have operated throughout the sub-continent ? Explain.

**हौज़ों/जलाशयों का निर्माण किस प्रकार होता था ?**

कृष्णदेव राय द्वारा बनवाए गए जलाशय के विषय में पेस लिखता है :

> राजा ने एक जलाशय बनवाया ... दो पहाड़ियों के मुख-विवर पर जिससे दोनों में से किसी पहाड़ी से आने वाला सारा जल वहाँ इकट्ठा हो; और इसके अलावा जल 9 मील (लगभग 15 किमी) से भी अधिक की दूरी से पाइपों से आता है जो बाहरी शृंखला के निचले हिस्से के साथ-साथ बनाए गए थे । यह जल एक झील से लाया जाता है जो छलकाव से खुद एक छोटी नदी में मिलती है । जलाशय में तीन विशाल स्तंभ बने हैं जिन पर खूबसूरती से चित्र उकेरे गए हैं; ये ऊपरी

भाग में कुछ पाइपों से जुड़े हुए हैं जिनसे ये अपने बगीचों तथा धान के खेतों की सिंचाई के पानी लाते हैं । इस जलाशय को बनाने के लिए इस राजा ने एक पूरी पहाड़ी को तुड़वा दिया ... जलाशय में मैंने इतने लोगों को कार्य करते देखा कि वहाँ पन्द्रह से बीस हज़ार आदमी थे, चींटियों की तरह ... ।

(i) कृष्णदेव राय द्वारा क्यों और कहाँ जलाशयों का निर्माण कराया गया ? 2

(ii) जलाशयों का निर्माण किस प्रकार किया गया ? स्पष्ट कीजिए । 2

(iii) भग्नावशेषों के बीच बनाई गईं सबसे प्रमुख जल सम्बन्धी संरचनाओं का वर्णन कीजिए तथा बताइए कि ये किसने बनवाईं । 4

## अथवा

**घोड़े पर और पैदल**

डाक व्यवस्था का वर्णन इब्न बतूता इस प्रकार करता है :

भारत में दो प्रकार की डाक व्यवस्था है । अश्व-डाक व्यवस्था जिसे *उलुक* कहा जाता है, हर चार मील की दूरी पर स्थापित राजकीय घोड़ों द्वारा चालित होती है । पैदल-डाक व्यवस्था के प्रति मील तीन अवस्थान होते हैं; इसे *दावा* कहा जाता है, और यह एक मील का एक-तिहाई होता है ... अब, हर तीन मील पर घनी आबादी वाला एक गाँव होता है, जिसके बाहर तीन मंडप होते हैं जिनमें लोग कार्य आरंभ के लिए तैयार बैठे रहते हैं । उनमें से प्रत्येक के पास दो हाथ लंबी एक छड़ होती है जिसके ऊपर ताँबे की घंटियाँ लगी होती हैं । जब संदेशवाहक शहर से यात्रा आरंभ करता है तो एक हाथ में पत्र तथा दूसरे में घंटियों सहित छड़ लिए वह क्षमतानुसार तेज़ भागता है । जब मंडप में बैठे लोग घंटियों की आवाज़ सुनते हैं तो वे तैयार हो जाते हैं । जैसे ही संदेशवाहक उनके पास पहुँचता है, उनमें से एक उसके हाथ से पत्र लेता है और वह छड़ हिलाते हुए पूरी ताकत से दौड़ता है, जब तक वह अगले *दावा* तक नहीं पहुँच जाता । पत्र के अपने गंतव्य स्थान तक पहुँचने तक यही प्रक्रिया चलती रहती है । यह पैदल-डाक व्यवस्था अश्व-डाक व्यवस्था से अधिक-तीव्र होती है; और इसका प्रयोग अकसर खुरासान के फलों के परिवहन के लिए होता है, जिन्हें भारत में बहुत पसंद किया जाता है ।

(i) इब्न बतूता द्वारा वर्णित दो प्रकार की डाक व्यवस्था का वर्णन कीजिए । 2

(ii) एक उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए कि तत्कालीन समय में डाक व्यवस्था संदेश वाहन का एक अनूठा तरीका था । 3

(iii) क्या आपको लगता है कि पैदल-डाक व्यवस्था पूरे उप-महाद्वीप में संचालित की जाती होगी ? व्याख्या कीजिए । 3

21. **A *ryot* petitions**

This is an example of a petition from a *ryot* of the village of Mirajgaon, Taluka Karjat, to the Collector, Ahmednagar, Deccan Riots Commission :

> The *sowkars (sahukars)* ... have of late begun to oppress us. As we cannot earn enough to defray our household expenses, we are actually forced to beg of them to provide us with money, clothes and grain, which we obtain from them not without great difficulty, nor without their compelling us to enter into hard conditions in the bond. Moreover the necessary clothes and grain are not sold to us at cash rates. The prices asked from us are generally twenty-five or fifty per cent more than demanded from customers making ready money payments ... The produce of our fields is also taken by the *sowkars*, who at the time of removing it assure us that it will be credited to our account, but they do not actually make any mention of it in the accounts. They also refuse to pass us any receipts for the produce so removed by them.

(i) Why were the *ryots* not given loans by *sowkars* ? 2

(ii) Explain the difficulties, the *ryots* had to face for getting loan from the *sowkars*. 4

(iii) Why were the *ryots* unable to pay the inflated demand ? Explain. 2

**OR**

**"The British element is gone, but they have left the mischief behind"**

Sardar Vallabh Bhai Patel said :

> It is no use saying that we ask for separate electorates, because it is good for us. We have heard it long enough. We have heard it for years, and as a result of this agitation we are now a separate nation ... Can you show me one free country where there are separate electorates ? If so, I shall be prepared to accept it. But in this unfortunate country if this separate electorate is going to be persisted in, even after the division of the country, woe

betide the country; it is not worth living in. Therefore, I say, it is not for my good alone, it is for your own good that I say it, forget the past. One day, we may be united ... The British element is gone, but they have left the mischief behind. We do not want to perpetuate that mischief. (Hear, hear). When the British introduced this element they had not expected that they will have to go so soon. They wanted it for their easy administration. That is all right. But they have left the legacy behind. Are we to get out of it or not ?

*CAD Vol. V*

(i) Why are we now a separate nation ? Explain briefly. 2

(ii) Explain the remarks made by Sardar Vallabh Bhai Patel after the division of the country. 3

(iii) Why did the demand for separate electorates provoke anger and dismay amongst most nationalists ? Explain. 3

**रैयत अर्जी**

नीचे एक याचिका का उदाहरण दिया गया है जो तालुका करजत, मीरजगाँव के एक रैयत द्वारा कलेक्टर, अहमदनगर, दक्कन दंगा आयोग को दी गई थी :

*साहूकार* लोग ... काफी दिनों से हम पर अत्याचार कर रहे हैं । चूँकि हम अपना घर खर्च चलाने के लिए काफी मात्रा में पैसा नहीं कमा सकते, इसलिए हम उनसे पैसा, कपड़ा और अनाज़ माँगने के लिए मजबूर हो गए हैं । उनसे हमें ये चीजें मिलती जाती हैं पर बड़ी कठिनाई से और उसके लिए हमें उनके साथ कड़ी शर्तों पर बंधपत्र लिखने के लिए मजबूर होना पड़ता है । इसके अलावा कपड़ा और अनाज भी नकद दरों पर नहीं बेचा जाता । हमसे जो कीमतें माँगी जाती हैं वह नकदी कीमत चुकाने वाले ग्राहकों की अपेक्षा आमतौर पर 25 से 50 प्रतिशत अधिक होती हैं ।... हमारे खेतों की उपज भी *साहूकार* ले जाते हैं; उपज ले जाते समय तो वे हमें यह आश्वासन देते हैं कि इसकी कीमत हमारे खाते में जमा कर दी जाएगी लेकिन वे वास्तव में हमारे खातों में ऐसा कोई उल्लेख नहीं करते । वे जब हमारी उपज ले जाते हैं तो बदले में कोई रसीद भी नहीं देते ।

(i) साहूकार रैयतों को ऋण क्यों नहीं देते थे ? 2

(ii) उन कठिनाइयों की व्याख्या कीजिए जिनका रैयतों को साहूकारों से ऋण लेने में सामना करना पड़ता था । 4

(iii) रैयत बढ़ी हुई माँग को देने में असमर्थ क्यों थे ? व्याख्या कीजिए । 2

**अथवा**

**''अंग्रेज़ तो चले गए, मगर जाते-जाते शरारत का बीज बो गए''**

सरदार वल्लभ भाई पटेल ने कहा था :

> यह दोहराने का कोई मतलब नहीं है कि हम पृथक् निर्वाचिका की माँग इसलिए कर रहे हैं क्योंकि हमारे लिए यही अच्छा है । यह बात हम बहुत समय से सुन रहे हैं । हम सालों से यह सुन रहे हैं और इसी आंदोलन के कारण अब हम एक विभाजित राष्ट्र हैं ... । क्या आप मुझे एक भी स्वतंत्र देश दिखा सकते हैं जहाँ पृथक् निर्वाचिका हो ? अगर आप मुझे दिखा दें, तो मैं आपकी बात मान लूँगा । लेकिन अगर इस अभागे देश में विभाजन के बाद भी पृथक् निर्वाचिका की व्यवस्था बनाए रखी गई तो यहाँ जीने का कोई मतलब नहीं होगा । इसलिए मैं कहता हूँ, कि यह सिर्फ़ मेरे भले की बात नहीं है, बल्कि आपका भला भी इसी में है कि हम अतीत को भूल जाएँ । एक दिन हम एकजुट हो सकते हैं... । अंग्रेज़ तो चले गए, मगर जाते-जाते शरारत का बीज बो गए हैं । हम इस शरारत को और बढ़ाना नहीं चाहते । (सुनिए, सुनिए) । जब अंग्रेज़ों ने यह विचार पेश किया था तो उन्होंने यह उम्मीद नहीं की थी कि उन्हें इतनी जल्दी भागना पड़ेगा । उन्होंने तो अपने शासन की सुविधा के लिए यह किया था । खैर, कोई बात नहीं । मगर अब वे अपनी विरासत पीछे छोड़ गए हैं । अब हम इससे बाहर निकलेंगे या नहीं ?
>
> *संविधान सभा बहस, खंड 5*

(i) अब हम एक अलग राष्ट्र क्यों हैं ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । 2

(ii) देश के विभाजन के पश्चात् सरदार वल्लभ भाई पटेल द्वारा की गई टिप्पणी की व्याख्या कीजिए । 3

(iii) पृथक् निर्वाचिका की माँग पर राष्ट्रवादियों में से अधिकांश लोग क्रोध और उद्वेग से क्यों भड़क गए थे ? स्पष्ट कीजिए । 3

## PART E
## खण्ड य

**22.** On the given political outline map of **India** (on page 17) mark and label the following kingdoms and towns : 5

Satvahans, Cholas, Ujjayini, Rajgir, Mathura.

**OR**

On the given political outline map of **India** (on page 17) mark the following centres of the national movement and label them :

Amritsar, Dandi, Chauri-Chaura, Bardoli, Bombay.

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर निम्नलिखित महाजनपदों तथा नगरों को चिह्नित कीजिए और उनके नाम लिखिए :

सतवाहन, चोला, उज्जैयनी, राजगिर, मथुरा ।

**अथवा**

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 17 पर) पर निम्नलिखित राष्ट्रीय आन्दोलन के केन्द्रों को चिह्नित कीजिए तथा उनके नाम लिखिए :

अमृतसर, डांडी, चौरी-चौरा, बारदोली, बौम्बे ।

23. On the given political outline map of **India** (on page 19), five important places in South India during $14^{th}$ to $18^{th}$ century have been marked 1, 2, 3, 4, 5. Identify them and write their names on the line drawn near them. *5*

**भारत** के दिए हुए राजनीतिक रेखा-मानचित्र (पृष्ठ 19 पर) पर 14वीं – 18वीं शताब्दी के मध्य के दक्षिण भारत के पाँच महत्त्वपूर्ण स्थान संख्या 1, 2, 3, 4, 5 दिखाए गए हैं । उन्हें पहचानिए तथा उनके नाम उनके समीप खींची गई रेखाओं पर लिखिए ।

*Note :* *The following questions are only for the Blind Candidates in lieu of the map questions (Q. No. 22 and 23).*

*नोट :* *निम्नलिखित प्रश्न केवल दृष्टिहीन परीक्षार्थियों के लिए मानचित्र प्रश्न (प्र. सं. 22 और 23) के स्थान पर हैं ।*

22. Mention names of any five Mahajanpads and cities during 600 BCE and 600 CE. *5*

**OR**

Mention any five centres of the freedom struggle.

600 ई. पू. से 600 ई. के मध्य के किन्हीं पाँच महाजनपदों तथा नगरों के नाम लिखिए ।

**अथवा**

स्वतन्त्रता संग्राम सम्बन्धी किन्हीं पाँच केन्द्रों के नाम लिखिए ।

23. Mention five names of Mature Harappan sites. *5*


हड़प्पाई संस्कृति के पाँच विकसित क्षेत्रों के नाम लिखिए ।

# INDIA POLITICAL (Showing States) AND ADJACENT COUNTRIES

# भारत राजनैतिक (प्रादेशिक सीमाएँ दर्शित) और पड़ोसी देशों वाला

For question no. 22

प्रश्न सं. 22 के लिए





© Government of India Copyright 2001

# INDIA POLITICAL (Showing States) AND ADJACENT COUNTRIES

# भारत राजनैतिक (प्रादेशिक सीमाएँ दर्शित) और पड़ोसी देशों वाला

For question no. 23

प्रश्न सं. 23 के लिए




© Government of India Copyright 2001